भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
26.06.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 729 का उत्तर

नए रेलमार्गों का सर्वेक्षण

729. श्री चुन्नी लाल साहूः
श्री सुनील कुमार सिंहः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान देश में उन रेलमार्गों का ब्यौरा क्या है जिनके लिए सर्वेक्षण कराया गया है;
(ख) क्या चतरा-गया और चतरा-टोरी के बीच किसी रेलमार्ग के लिए कोई सर्वेक्षण कार्य कराया गया है;
(ग) यदि हां, तो सर्वेक्षण रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या छत्तीसगढ़ से नई दिल्ली तक और अधिक नई रेलगाड़ियां चलाए जाने का विचार है;
(ङ) यदि हां, तो उक्त रेलमार्गों को पूरा करने के लिए वर्तमान में कितने अनुमानित बजट की आवश्यकता है; और
(च) यदि नहीं, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्‌योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

Sk

नए रेलमार्गों के सर्वेक्षण के संबंध में दिनांक 26.6.2019 को लोक सभा में श्री चुन्नी लाल साहू और श्री सुनील कुमार सिंह के अतारांकित प्रश्न सं. 729 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): भारतीय रेलवे ने पिछले पांच वर्षों में 23357.75 किमी लम्बाई वाली नई लाइनों के 244 सर्वेक्षण किए हैं।

(ख), (ग), (ङ) और (च): कुल 135.24 किमी लंबाई वाली गया-चतरा तथा गया से नातेश्वर तक नई लाइन परियोजना के विस्तार को 2008-09 में स्वीकृत किया गया है। इस परियोजना की नवीनतम प्रत्याशित लागत 4543 करोड़ रु. है। 16.32 करोड़ रु. का व्यय हो चुका है और भूमि अधिग्रहण संबंधी कार्य शुरू कर दिया गया है।

टोरी-चतरा (66 किमी) नई लाइन के लिए टोही इंजीनियारी-सह-यातायात सर्वेक्षण (आरईटीएस) 2016-17 में पूरा हो गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार,परियोजना की लागत 948.02 करोड़ रु. (2016-17 का मूल्य स्तर) थी। परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा सका क्योंकि यह निकटवर्ती क्षेत्र में अन्य अवसंरचना संबंधी विकास कार्यों को देखते हुए वित्तीय दृष्टि से व्यावहारिक नहीं था।

(घ): भारतीय रेलवे राज्य-वार आधार पर गाड़ियां नहीं चलाती है क्योंकि रेलवे नेटवर्क राज्य सीमाओं के आर-पार है। इसके अलावा, इस समय, छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग आदि जैसे बड़े स्टेशन दिल्ली क्षेत्र से भली-भांति जुड़े हुए हैं। बहरहाल, इस समय, परिचालनिक और संसाधनों की तंगी के कारण छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित स्टेशनों से दिल्ली के लिए गाड़ी सेवा शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

******

Sk